कार्य योजना ‖ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंथन शिविर का किया उद्घाटन

पीएम-जनमन केवल योजना नहीं संवेदना है : अर्जुन मुंडा

स्वदेश समाचार सेवा

नई दिल्ली/रांची : केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार 15 दिसंबर को भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने पर मंथन शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिसका मूलभूत उद्देश पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाने हो, इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महा अभियान प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) का शुभारंभ किया। पीएम-जनमन योजना, केवल योजना नहीं एक संवेदना है भावना है और भारत का लोकतंत्र सबको सामान अधिकार देता है जिससे देश का हर नागरिक सशक्त बन रहा है। पीएम जनमन अभियान देश के गरीब, वंचित और पीड़ितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता की एक व्यापक तस्वीर पेश करता है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर में हम यहां पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन और रोड मैप पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए और मुझे खुशी है कि आज के इस मंथन से जो अमृत निकला है इससे इस अभियान को एक नयी दिशा मिलेगी।

केंद्रीय विद्यालयों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर छात्रों, कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालयों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। पीएम ने एक्स पर लिखा - केंद्रीय विद्यालय परिवार के सभी छात्रों, कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी हीरक जयंती पर बधाई। यह इस प्रतिष्ठित शैक्षिक समुदाय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने और प्रशंसा करने का अवसर है। पिछले कुछ वर्षों में, केंद्रीय विद्यालयों ने कई छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके हमारे देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।